आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल
सेक्टर- 9 द्वारका, नई दिल्ली
सत्र 2014-15
संकलनात्मक मूल्यांकन (1)

दिनांक: 24 सितंबर 14

कक्षा : पंचम | विषय :हिन्दी
समय : 2 घंटे | अधिकतम अंक : 50
नाम :________ | अनुक्रमांक :
कुल पृष्ठ : 3 | निरीक्षक हस्ताक्षर :________

**सामान्य निर्देश-**

**1) प्रश्न -पत्र में चार भाग और कुल 19 प्रश्न हैं।    2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
**3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।**

## भाग – क (पठन)

**प्रश्न 1** दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (5)

भारत को स्वतंत्र करवाने में भारतीय नारियों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। स्वतंत्रता के आंदोलन में उन्होंने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ऐसी नारियों में सरोजनी नायडू का नाम भी शामिल है। उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ। इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ-साथ एक कुशल वैज्ञानिक भी थे। सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं। सरोजनी को पुस्तकों से बड़ा प्रेम था। उनके हाथ में कोई न कोई पुस्तक रहती ही थी। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि केवल बारह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने दसवीं की परीक्षा पास कर ली थी। बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी। वह गाती भी बहुत अच्छा थीं। जब वह मधुर स्वर में कविता पाठ करतीं तो उनके माता पिता बड़े प्रसन्न होते। सरोजनी स्वयं भी कविता लिखने लगीं। तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी, यह जानकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने सरोजनी की बड़ी प्रशंसा की।

**क) सरोजनी नायडू का जन्म कब और कहाँ हुआ था?**
**ख) सरोजनी नायडू की बचपन से किसमें रुचि थी?**
**ग) उन्होंने किस उम्र में लंबी और सुंदर कविता लिखी?**
**घ) नायडू के माता -पिता क्या थे?**
**ङ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें। क) तारीफ़ ख)आज़ाद**

## भाग – ख (भाषा)

**प्रश्न 2 रिक्त स्थानों में उचित संख्या (गिनती) शब्दों में लिखिए ।** (2)

(क)साठ में पाँच जोड़ने पर _______बनते हैं।    (ख)छप्पन के बाद _______आता है।

(ग)सतासी से पहले _______ आता है।    (घ)इकतालीस और तैंतालीस के बीच _______आता है।

**प्रश्न 3 नीचे लिखी गिनती को हिन्दी अंकों में लिखिए।** (2)

क) 77    ख)63    ग)54    घ)92

प्रश्न 4 रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम शब्द भरकर उनके भेद लिखें । (2)

क) क्या ________ नई पुस्तक खरीद सकता हूँ?

ख) रमा होशियार है और ________ हमेशा शांत रहती है।

**प्रश्न 5 रेखांकित शब्दों के स्थान पर उचित पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।** (2)

क) मैंने पहली बार **<u>पहाड़</u>** पर चढ़कर सुंदर तस्वीरें खींची।

ख) यदि किसी को मेरी **<u>मदद</u>** की जरूरत है तो मैं आ जाऊँगा।

**प्रश्न 6 रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए ।** (2)

क) एक बार गाँव में एक **<u>मूर्ख</u>** व्यक्ति ने उपदेश दिया।

ख) हमें हमेशा सभी के **<u>दोष</u>** देखने चाहिए।

ग) हमारी सभी परीक्षाएँ **<u>मौखिक</u>** होती हैं।

घ) **<u>सरदी</u>** के मौसम में लोग पहाड़ों पर घूमने जाते हैं।

**प्रश्न 7 रिक्त स्थान में उचित विशेषण शब्द भरकर उनके भेद लिखिए।** (2)

क) मेरी गाड़ी में ................. पेट्रोल डाल दो।

ख) राहुल के पिताजी बहुत .............. हैं।

**प्रश्न 8 निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।** (2)

क) जो कम बोले। ख)आकाश में घूमने वाले।

ग) दूसरों पर उपकार करने वाला घ)जिसके माता- पिता न हों।

**प्रश्न 9 निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।** (2)

क)मुँह में पानी आना ख)हवा से बातें करना

**प्रश्न 10 रिक्त स्थानों में उचित किया शब्द लिखिए ।** (2)

क) बच्चे मैदान में ———————। ख) आओ हम सब छत पर ———————।

ग)गाड़ी समय पर ———————। घ)रमन पानी में कागज की नाव ———————।

**प्रश्न 11 कोष्ठक में दिए गए काल के अनुसार वाक्य बदल कर दोबारा लिखिए।** (2)

क) पूजा की बहन आगरा गई थी। (वर्तमान काल) ख) मेरा मित्र कलकत्ता से आ रहा है। (भविष्यत् काल)

## भाग – ग (साहित्य)

**प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए।** (2)

(क)नीर (ख)तनिक (ग)याचना (घ)प्रतीक्षा

**प्रश्न 13 कविता की निम्न पंक्तियों को पूरा कीजिए।** (2)

चलो, नई——————— हो
जलो, नई———————हो
———————, नया कमाल हो
झुको नहीं
———————
बढ़े चलो, बढ़े चलो ।

**प्रश्न 14 निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए।** **(4)**

(क) पहाड़ी के पीछे काला धब्बा क्या था ?

(ख) बालक के पिता कौन थे और कहाँ थे ?

(ग) शबाना के माता -पिता किस क्षेत्र से जुड़े थे ?

(घ) मेट्रो के गहने किसे कहा गया है?

**प्रश्न 15 निम्न तथ्यों को सही करके दोबारा लिखिए।** **(2)**

(क) विहाग ने कहा कि फिर जो जीतेगा उसे मैं अपना आधा राज्य दे दूँगा।

(ख) अजंता की गुफा की छत पर खूबसूरत चित्र बने हैं।

**प्रश्न 16 उचित रिक्त स्थान भर कर वाक्य पूरे करें।** **(2)**

(क) बालक की माँ ने कहा," हमारे पति को राजा ने ________के लिए भेजा है।"

(ख) ________अब्बा के स्टडी का दरवाज़ा भी खुला रहता था।

**प्रश्न 17 निम्नलिखित पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।** **(2)**

धुआँ न देता इस का इंजन,
इससे रहता दूर प्रदूषण।
सबको मेट्रो बहुत पसंद,
अदभुत है इसका आनंद।

(क) ये पंक्तियाँ कौन-सी कविता से ली गई हैं व इसके कवि कौन हैं?

(ख) सबको मेट्रो क्यों पसंद है?

**प्रश्न 18 निम्न प्रश्नों के उत्तर अधिकतम शब्दों में दीजिए।** **(6)**

(क) शबाना को शर्मिंदगी किस बात की थी और वह गौरव में कैसे बदल गई?

(ख) "शिकार करना बुरी बात है" कैसे? अपने विचार **2-3** पंक्तियों में लिखिए।

(ग) अजंता की गुफा में आवाज़ गूँजने का क्या रहस्य है ?

## भाग – घ (लेखन)

**प्रश्न 19 कोई एक कीजिए (पत्र लेखन या अनुच्छेद लेखन)** **(5)**

क) खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कक्षा अध्यापिका को प्रार्थना पत्र लिखिए।

या

ख) मेरा भारत महान ( संकेत- देवताओं की भूमि, पहाड़, हरियाली, पवित्र नदियाँ , भोले भाले व मेहनती लोग, वीरों की धरती, भारत की विशेष बातें, त्योहारों का देश, विदेशियों का आना- जाना,अनेकता में एकता, समापन)